## खबर संक्षेप



### गणेश पंडालों में भंडारा के साथ भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

**बड़वारा।** नगर एवम क्षेत्र में गणेश चतुर्थी पर्व के उपलक्ष्य में जगह जगह विघ्नहर्ता गजानन महाराज की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सभी पंडालों में शुक्रवार को भव्य भंडारे आयोजित किये गए। शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास बड़वारा में भी भगवान गणपति जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी जहां पर प्रतिदिन आरती कीर्तन किया गया। छात्राओं ने गणेश जी की बड़ी ही मनमोहनी सजावट की। शनिवार को भंडारा का आयोजन होगा जिसमे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### आंगनवाड़ी सहायिका की सेवा की गई समाप्त

**कटनी।** आंगनवाड़ी केंद्र पर लगातार अनुपस्थित रहने और कार्य में लापरवाही बरतने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के द्वारा दिए गए निर्देश के पालन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने पर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बहोरीबंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधनवारा स्थित आँगनवाड़ी केंद्र उदयपुरा की सहायिका अकीला बी की सेवाएँ तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। पर्यवेक्षक स्वाति दुबे के प्रतिवेदन के अनुसार 21 मार्च 2024 को निरीक्षण के दौरान अकीला बी बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गईं। इसके बाद कई अन्य निरीक्षणों में भी वे गैर-मौजूद थीं। अकीला बी अनाधिकृत रूप से अपना काम एक अन्य महिला रजिया बी को सौंपकर सिहोरा में निवास कर रही थीं। बार-बार नोटिस जारी करने और कार्य में सुधार का अवसर दिए जाने के बावजूद, उन्होंने अपनी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं किया। जवाब में उन्होंने अपनी बहू की गर्भावस्था का हवाला देते हुए सिहोरा से अपडाउन करने की बात स्वीकार की थी। आंगनवाड़ी केन्द्र में लगातार अनुपस्थित रहने, निर्देशों का पालन न करने और मुख्यालय पर निवास न करने पर अकीला बी की सेवाएँ समाप्त कर दी गई हैं और उदयपुरा आँगनवाड़ी केंद्र में सहायिका का पद रिक्त घोषित कर दिया गया है।

### भगवान गणेश की महाआरती में हुये शामिल कलेक्टर



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार की देर शाम कटनी शहर के गणेश चौक पहुंच कर यहां श्री विघ्न-विनाशक गणेश मंदिर में विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का सपरिवार दर्शन- पूजन किया और महाआरती में शामिल हुए। कलेक्टर श्री यादव ने सुख और समृद्धि के दाता भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर जिले की खुशहाली और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। इसके पूर्व श्री विघ्न-विनाशक गणेश उत्सव समिति गणेश चौक द्वारा कलेक्टर श्री यादव के यहां पहुंचने पर समिति की ओर से ओढ़नी-पट्टा भेंट कर स्वागत किया गया। कलेक्टर श्री यादव ने प्रार्थना की,कि भगवान श्री गणेश की कृपा से सभी जिलेवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि आए। गणेश चतुर्थी से स्थापित देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूजा - आराधना में पूरा जिला ही धर्म,आध्यात्म,आस्था,श्रद्धा और भक्ति में लीन हैं।

### कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही, वाहन में लगा था पुलिस का स्टीकर

# लग्जरी कार से हो रही थी तस्करी, 2 लाख की शराब जब्त, चालक वाहन छोड़कर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले भर में शराब की तस्करी का अवैध कारोबार दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। बेलगाम शराब माफियाओं की गर्दन तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच रहे हैं जिससे माफिया निरंकुश हो चुके हैं। जनचर्चाओं एवं सूत्रों की माने तो शराब का अवैध कारोबार सरपरस्ती में ही किया जा रहा है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने संत नगर क्षेत्र में पुलिस स्टीकर लगी इनोवा कार से 25 पेटी अवैध शराब जब्त की। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने नामजद एफआईआर भी दर्ज की है।




जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संत नगर क्षेत्र में इनोवा कार क्रमांक MP 21 BA 0644 से 25 पेटी अवैध शराब जब्त की। कार ज़ब्त होते ही उस पर चस्पा "पुलिस" का स्टिकर हटा दिया गया। सूत्रों के अनुसार उमरिया पान से भारी मात्रा में शराब लेकर कटनी लाई जा रही थी और यहां अवैध रूप से पेकारियों तक पहुँचाने की तैयारी थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही चालक कार लॉक कर भाग निकला। जब्त शराब में देशी और विदेशी दोनों तरह की ब्रांड शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच में किसी रिज़वान अहमद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि करीब दो साल पहले यह इनोवा गाड़ी एक पुलिस आरक्षक के नाम पर थी। बाद में इसे बेच दिया गया, लेकिन नए मालिक ने गाड़ी पर पुलिस का स्टिकर यथावत रखा, जिससे शराब की तस्करी के दौरान नाकों पर जांच से आसानी से बच निकलना संभव हो रहा था।

### माफियाओं एवं ठेकेदारों पर क्यों नहीं हो रही कार्यवाही, मिलीभगत या फिर सरपरस्ती!

जिले में शराब का अवैध कारोबार किस तरह से पनप रहा है यह पुलिस से भी नहीं छिपा बावजूद इसके माफियाओं एवं ठेकेदारों पर कार्यवाही की हिम्मत पुलिस नहीं जुटा पा रही है। माफियाओं एवं ठेकेदारों के गुर्गों पर कार्यवाही कर वाहवाही लूटी का प्रयास किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में शराब ठेकेदार एवं उसके गुर्गों ने किस तरह दहशत फैलाई यह किसी से नहीं छिपा। इस मामले में ठेकेदार के गुर्गों को तो जेल भेज दिया गया, लेकिन ठेकेदारों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस की लचर कार्रवाई के चलते ही शराब माफिया सक्रिय हैं और खुलेआम शराब की तस्करी कर रहे हैं।

# विसर्जन जुलूस और घाटों पर तैनात रहेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गणेश प्रतिमा के विसर्जन के अवसर पर निकलने वाले चल समारोह और विसर्जन प्रक्रिया के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों और सहयोगी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेश के अनुसार चल समारोह के दौरान कमानिया गेट से सुभाष चौक जुलूस के साथ-साथ समापन तक श्री अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) को दायित्व सौंपा गया है। जबकि सुभाष चौक, शेर चौक से आजाद चौक तक जुलूस के साथ-साथ समापन का जिम्मा श्री अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाड़ी, जुलूस का जिम्मा संभालेंगे। शहर के प्रमुख विसर्जन कुंडों और घाटों पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत गाटर घाट, मोहन घाट विसर्जन कुंड में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा की और छपरवाह घाट, विलगवां घाट की में डिप्टी कलेक्टर विन्की उइके मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार कटाये घाट एवं अमीरगंज तालाब इन दोनों घाटों पर प्रतिमा विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। यहां की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति लिल्हारे को सौंपी गई है। वहीं मसुरहा घाट एवं माई नदी विसर्जन कुण्ड का दायित्व प्रभारी तहसीलदार आशीष अग्रवाल संभालेंगे। इसी प्रकार अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती अमृता गर्ग बाबा घाट में कानून व्यवस्था का दायित्व संभालेगी। जबकि सिमरार नदी रपटा (जुहीला) घाट विसर्जन कुंड में नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह तैनात रहेंगे। इसके अलावा पीरबाबा नदी, हनुमान घाट की जिम्मेदारी प्रभारी तहसीलदार अजीत तिवारी संभालेंगे। जबकि बजरंग कॉलोनी स्थित घाट विसर्जन कुंड पर सहायक अधीक्षक संतोष श्रीवास्तव एवं ट्रांसपोर्ट नगर तालाब के पास विसर्जन कुंड में विवेक मूले को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी, संपूर्ण गणेश प्रतिमा चल समारोह और विसर्जन कुंडों की व्यवस्था के प्रभारी होंगे।

### किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद

# जिले को मिली 1012 एमटी नीम कोटेड यूरिया, वितरण में पारदर्शिता के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में खेती -किसानी के नजरिए से इस समय सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। अभी इसी बीते गुरुवार को जिले को 490 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की खाद आई ही थी और इसका डबल लाक केंद्र,समितियों और उर्वरक विक्रय दुकानों में भंडारण जारी ही था कि शुक्रवार को जिलें के लिए 522 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक पाइंट में पहुंच गई है। इसे परिवहन कर यूरिया को जिले में लाया जा रहा है।इसलिए सभी किसानों को उनकी जरूरत का पर्याप्त उर्वरक मिल सकेगा।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव किसानों को उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए जिले के लिए समय-समय पर उर्वरक प्रदान करने और रैक भेजने के लिए निरंतर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर चर्चा करते रहते हैं।इसी का यह परिणाम है कि बीते 48 घंटे के भीतर जिले को 1012 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिल गई है।

#### कालाबाजारी पर करें कार्यवाही

कलेक्टर श्री यादव किसानों को सर्वाधिक जरूरत वालीं यूरिया खाद की सुगम आपूर्ति और बेहतर विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करने नियमित समीक्षा कर रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये है कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण, टैगिंग और नकली उर्वरक विक्रेताओं और इस कार्य में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। जिले में अब तक 6 उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निरस्त किये गये हैं और 1 विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

#### बरतें पूरी पारदर्शिता

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण व्यवस्था में पूरी तरीके से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाय। बेहतर से बेहतर वितरण व्यवस्था सुनिश्चित हो ताकि सभी किसानों को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इस कार्य में पटवारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों सहित जरूरत के मुताबिक अन्य मैदानी अमले की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियो को हिदायत दी कि वे उर्वरक उपलब्धता और वितरण से संबंधित जानकारियों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों के पदाधिकारियों को अवश्य अवगत करायें।

#### इस तरह होगा आवंटन

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 82 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी।जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 150 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

### गाजे बाजे के साथ निकाली गई विशाल पैदल यात्रा



बहोरीबंद के मरही माता मंदिर से रुपनाथ धाम तक 5 किलोमीटर विशाल पैदल यात्रा संत बनवारी दास जी महाराज की अगुवाई में शुक्रवार को निकली जहां मंगल कलश सिर पर धारण कर चले।जिससे पूरा यात्रा मार्ग राममय नजर आया। हाथों में भगवा ध्वज,राम नाम की जयजयघोष गुंजायमान हो रही थी। गाजे-बाजे के साथ पूरे गाँव का भ्रमण करते हुए यात्रा रुपनाथ धाम पहुँची। जहां संत बनवारी दास महाराज की अगवानी पुष्प वर्षा ओर मंगल कलश से की गई ओर पूजा अर्चना की। संत बनवारी दास महाराज ने आशीर्वाचन व्यक्त किये। उन्होने कहा कि धर्म, धरा, मंदिर ,संस्कृति संरक्षण व संवर्धन की अलख यात्रा से दिया गया। महाराज ने कहा कि कहा कि विशाल पदयात्रा में रखे जाने वाला एक _एक पद यात्रा में कोटि यज्ञ के बराबर है। यह भक्त की सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली पद यात्रा है। सनातन धर्म विश्व का सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है कि सनातन धर्म की रक्षा करें। कार्यक्रम समापन पर भगवान शिव की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# जुलूस और घाटों पर तैनात रहेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गणेश प्रतिमा के विसर्जन के अवसर पर निकलने वाले चल समारोह और विसर्जन प्रक्रिया के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों और सहयोगी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

#### इनको सौंपे गए दायित्व

जारी आदेश के अनुसार चल समारोह के दौरान कमानिया गेट से सुभाष चौक जुलूस के साथ-साथ समापन तक अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) को दायित्व सौंपा गया है। जबकि सुभाष चौक, शेर चौक से आजाद चौक तक जुलूस के साथ-साथ समापन का जिम्मा अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाड़ी, जुलूस का जिम्मा संभालेंगे।

शहर के प्रमुख विसर्जन कुंडों और घाटों पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत गाटर घाट, मोहन घाट विसर्जन कुंड में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा की और छपरवाह घाट, विलगवां घाट की में डिप्टी कलेक्टर विन्की उइके मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार कटाये घाट एवं अमीरगंज तालाब इन दोनों घाटों पर प्रतिमा विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। यहां की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति लिल्हारे को सौंपी गई है। वहीं मसुरहा घाट एवं माई नदी विसर्जन कुण्ड का दायित्व प्रभारी तहसीलदार आशीष अग्रवाल संभालेंगे।

#### ये संभालेंगे व्यवस्थाएं

इसी प्रकार अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती अमृता गर्ग बाबा घाट में कानून व्यवस्था का दायित्व संभालेगी। जबकि सिमरार नदी रपटा (जुहीला) घाट विसर्जन कुंड में नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह तैनात रहेंगे। इसके अलावा पीरबाबा नदी, हनुमान घाट की जिम्मेदारी प्रभारी तहसीलदार अजीत तिवारी संभालेंगे। जबकि बजरंग कॉलोनी स्थित घाट विसर्जन कुंड पर सहायक अधीक्षक संतोष श्रीवास्तव एवं ट्रांसपोर्ट नगर तालाब के पास विसर्जन कुंड में विवेक मूले को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी, संपूर्ण गणेश प्रतिमा चल समारोह और विसर्जन कुंडों की व्यवस्था के प्रभारी होंगे।

आदेश में उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को भी अपने-अपने ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूरे जिले में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

### शिक्षक दिवस पर स्कूलों एवं कॉलेजों में कार्यक्रम का आयोजन

# गुरूपूजन कर लिया आशीर्वाद, जीवन में गुरू के महत्व की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जन्म जयन्ती को शिक्षक दिवस के रूप मे शुक्रवार को मनाया गया। तहसील क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षको का सम्मान किया गया। वहीं सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में कार्यक्रम हुआ। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि शिक्षा का कार्य जीवन को बदलने का कार्य है, उसे रूपांतरित करने का कार्य है। इसलिए जीवन में परिवर्तन की नींव रखने वाले शिक्षक अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। हम सभी में जो कुछ गुण विकसित हुए हैं उनके पीछे हमारे शिक्षकों का ही हाथ है। इस तरह हम देखते हैं कि समाज को निर्मित करने का काम शिक्षकों ने ही किया है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में इसीलिए मनाया जाता है क्योंकि उन्होंने एक सामान्य शिक्षक से आगे बढ़कर आचार्य कुलपति उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति तक देश का नेतृत्व किया और मार्गदर्शन किया।

शिक्षक दिवस पर गुरु की महिमा का वर्णन दोहावली से किया।कहा कि गुरु की ऊर्जा सूर्य सी,अम्बर सा विस्तार,गुरु की गरिमा से बड़ा,नही कही आकार। गुरु का सानिध्य ही जग मैं है उपहार ,प्रस्तर को क्षण-क्षण गढ़े मूरत हो तैयार। सभी छात्र-छात्राओं को एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय मै अध्ययनरत छात्र - छात्राओ के द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार भेट कर सम्मान किया ।

इस दौरान डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, अनिल शाक्य,डॉ भारती यादव, डॉ प्रतीक चौबे,डॉ अशोक पटेल,अंजना पांडेय,कमलेश चौधरी सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र - छात्राओ की उपस्थिति रही।

### ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस, शांति-सद्भाव का दिया संदेश

# सादगी और सौहार्द्र के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी


हजरत पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश का त्योहार ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को स्लीमनाबाद मैं मुस्लिम समाजजनों के द्वारा अकीदत के साथ मनाया गया। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर पारंपरिक जुलूस निकाला गया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गरीब नवाज की दरगाह को सतरंगी रोशनी से आकर्षक रूप में सजाया गया। दरगाह की छटा देखते ही बन रही थी। बारावफात के मौके पर दरगाह में मुए-मुबारक की जियारत करवाई गई। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम घरों में विशेष पकवान बनाए गए। मुस्लिम लोगों ने नए कपड़े पहनकर घर को भी सजाया है।





जश्ने -ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाजजनों के द्वारा पारंपरिक जुलूस निकाला गया।जुलूस मस्जिद से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुये दरगाह तक पहुंचा।फिर स्लीमनाबाद तिराहे से होते हुए जुलूस मस्जिद पहुँचा। जहां पर मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं की ओर से सामूहिक रूप से मुल्क में अमन चैन-साम्प्रदायिक सद्भाव व खुशहाली के लिए दुआ की। इस दौरान काजी हाफिज अब्बास इमाम ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। शांति पूर्ण तरीके से ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार सम्पन्न हो इसके लिए एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

इसी तरह उमरियापान क्षेत्र में भी ईद का पर्व सादगी और सौहार्द के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज ने झंडा चौक स्थित मस्जिद पर विशेष सलातो सलाम और नातिया कलाम पेश करने के बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। शान-ए-शौकत के साथ निकला यह जुलूस नूरी मस्जिद से प्रारंभ होकर झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड और अंधेली बाग होते हुए ईदगाह तक पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह लंगर और सबील का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। झंडा चौक में मुस्लिम भाइयों ने स्टॉल लगाकर पुलाव, जलेबी, समोसा, केक, टॉफी, चॉकलेट, रसगुल्ला, नमकीन, केला, बिस्किट्स आदि खाद्यान सामाग्री का वितरण किया। मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों, घरों और दुकानों को फूलों व झालरों की रोशनी से सजाकर माहौल को खुशनुमा बनाया।



# जीएसटी चोरी की शिकायतों पर कार्यवाही, चार वाहन किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

टैक्स चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर शुक्रवार को जीएसटी विभाग ने कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने जीएसटी चोरी के संदेह पर ट्रकों को रुकवाकर कर जांच की। जांच से ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि विभाग के अधिकारियों द्वारा रात में भी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान जब्त वाहनों को थाना में खड़ा करवाया गया है। सूत्रों के मुताबिक लगभग 5 से 7 गाड़ियों को संदेहास्पद होने पर उन्हें ले जाकर कुठला थाना में ले जाया जा रहा है। बताया जाता है कि ट्रांसपोर्टर द्वारा दूसरे शहरों से बिना जीएसटी जमा किये माल का परिवहन किया जा रहा है जिसकी शिकायत लगातार मिल रही थी। जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर चंद्र कुँवर सिंह ने बताया कि मालसेवा कर अधिनियम की धारा 68 के तहत कार्रवाई की गई है। इस दौरान 4 गाड़ियों को जब्त किया गया है। इन गाड़ियों में ई वेबिल नहीं पाया गया है। गाड़ियों को जब्त करने के बाद अब इस बात की जांच की जाएगी कि इसमें जो भी माल है, उसके दस्तावेज है या नहीं।

## खबर संक्षेप



### जैन मंदिरों में हो रहे विविध आयोजन

**सिलौंडी।** सिलौंडी में जैन समाज के दशलक्षण पर्व के दौरान जैन मंदिरों में रोज विविध आयोजन हो रहे है। रोज सुबह अभिषेक ,शांतिधारा पूजन अर्चन,दोपहर में विधान और रात्रि में आरती के बाद स्वाध्याय हो रहा है। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, श्री पारस नाथ दिगंबर जैन मंदिर, श्री पारस नाथ दिंगबर जैन मंदिर कछार गांव बड़ा में श्रीजी के पूजन अर्चन के बाद भक्त अपना एक आसन कर रहे है कुछ भक्त उपवास भी कर रहे है । एक आसन में भक्त 24 घंटे में एक बार शुद्ध घर का बना भोजन और पानी ले रहे है । कुछ भक्त सिर्फ पानी और दूध लेकर अपना उपवास कर रहे है । कछार गांव बड़ा में आरोन से ब्रह्मचारी भैया पारस जी प्रतिदिन अपनेव प्रवचन से श्रावक को जैन धर्म की महिमा बता रहे है । सिलौंडी में पंडित प्रमोद जैन श्री तारण तरण जैन चैत्यालय में सुबह मंदिर विधि पूजन अर्चन प्रवचन से दश धर्म का सार बता रहे है। दशलक्षण पर्व त्याग और साधना का प्रतीक है ।

### कानून और शांति व्यवस्था के लिए लगाई ड्यूटी

**कटनी।** गणेश प्रतिमा के विसर्जन के अवसर पर निकलने वाले चल समारोह और विसर्जन प्रक्रिया के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम और जिला डीसीसीसी कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश के अनुसार, कंट्रोल रूम का प्रभारी लोक सेवा के प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा को बनाया गया है। इनकी सहायता के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित डी.सी.सी. कंट्रोल रूम में प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक राजेद्र नामदेव (राजस्व निरीक्षक) और सायं 7 बजे से विसर्जन समाप्ति तक अभिषेक तिवारी (पटवारी) की ड्यूटी लगाई गई है। इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07622220071 है। इसी प्रकार पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक श्री बी.बी. दुबे (रा.नि. नजूल कार्यालय) और सायं 7 बजे से विसर्जन समाप्ति तक दादूराम पटेल (प्र. राजस्व निरीक्षक, नजूल कार्यालय) की ड्यूटी लगाई गई है।

### पर्यावरण संरक्षण हेतु निगम प्रशासन का नवाचार

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर गणेश विसर्जन पर्व के दौरान नागरिकों द्वारा घरों में स्थापित छोटी प्रतिमाओं के सुगमता पूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से विसर्जन हेतु दो सुसज्जित चलित वाहनों में कृत्रिम विसर्जन कुंडों की व्यवस्था प्रदान करने का नवाचार किया गया है। नागरिक गण घरों में स्थापित छोटी गणेश प्रतिमाओं को इन सुसज्जित चलित वाहनों में स्थापित कृत्रिम कुंडों के शुद्ध जल में नागरिक स्वयं अपने हाथों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन विधि विधान पूर्वक सुगमता एवं पारंपरिक तरीके से कर सकते है। इस वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों से घरों में स्थापित छोटी गणेश प्रतिमाओं का एकत्रीकरण किया जाकर शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन अनुसार निस्तारण कर विसर्जन किया जायेगा।

### मांसाहारी क्रय-विक्रय आज रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा शनिवार 6 सितंबर को निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मांस मटन एवं मछली विक्रय की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान होटल बंद रखने के निर्देश निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए हैं। निर्देशों के पालन में शहर के समस्त चिकन मटन व्यापारियों को सूचना पत्र जारी करते हुए 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी एवं पर्यूषण पर्व का अंतिम दिवस होनें के कारण नगर के चिकन मटन के प्रतिष्ठान और होटल बंद रखने के आदेश का कड़ाई से पालन कराने को कहा गया है।

---

महापौर ने कहा नगर के चहुंमुखी विकास में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर

# सौगातः नगर के 3 वार्डों में एक करोड़ के विकास कार्यों की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के चहुंमुखी विकास हेतु विभिन्न वार्डो में बड़े पैमाने पर अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत सड़कों के निर्माण, नाला-नालियों का निर्माण, के अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ-साथ महानगरों की तर्ज पर प्रकाश व्यवस्था शामिल है। हमारा यही प्रयास रहेगा कि उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर एवं जाकिर हुसैन वार्ड का चहुंमुखी विकास हो, और इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

यह बात महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संत कंवरराम वार्ड एवं जाकिर हुसैन वार्ड में विभिन्न स्थलों में 87.84 लाख 50 हजार रुपये की लागत से कराये जानें वाले विकास कार्यो के भूमिपूजन के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कही।



### दोनों वार्डों में ये होंगे विकास कार्य

माधवनगर के समुचित विकास हेतु महापौर श्रीमती सूरी नें विकास कार्यो का भूमिपूजन कर संत कवरराम वार्ड के निवासियों को सौगात दी उनमें वृंदावन पंजवानी के घर से नंदलाल चेलानी के घर तक 5.14 लाख की लागत से सी.सी.सड़क तथा नारायण दास के घर से पंजूमल मटानी के घर तक 9.33 लाख रूपये से निर्मित होने वाली सी.सी सड़क शमिल है। इसके अतिरिक्त 12.37 लाख की लागत से सी.सी नाली एवं पोस्ट आफिस से शंकर मंदिर तक 10.63 लाख की लागत से नाली रिपेयरिंग एवं कव्हरिंग कार्य शामिल है। वहीं जाकिर हुसैन वार्ड में सूरसती खेरमाई मंदिर परिसर में मुक्तिधाम में 7.20 लाख रुपए की लागत से शेड एवं सौंदर्यीकरण कार्य, खेरमाई मंदिर के बाजू से 29.45 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन सहित 13.69 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण का शामिल है।

महापौर ने जाकिर हुसैन वार्ड के श्री सूरसती खेरमाई मंदिर परिसर में मुक्तिधाम में 7.20 लाख रुपए की लागत से शेड एवं सौंदर्यीकरण कार्य, खेरमाई मंदिर के बाजू से 29.45 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन सहित 13.69 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन स्थानीय पार्षद रेखा संजय तिवारी एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में किया।

### सीसी रोड व नाली निर्माण

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 11 लाख 58 हजार की लागत से विभिन्न स्थलों में कराये जानें वाले विकास कार्यो के भूमिपूजन किया। महापौर नें कहा कि वार्ड में निरंतर विकास कार्य कराये जा रहे है। गौर मार्ग में सी.सी सड़क एवं अमर खटीक जी के घर के आसपास सी.सी नाली का निर्माण होनें से नागरिकों को बेहतर आवागमन के साथ ही जल निकासी की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी इससके क्षेत्र की स्वच्छता में इजाफा होगा। निर्माण कार्य आप सभी नागरिकों की सुविधा हेतु कराये जा रहे है अतः आप लोगों का भी दायित्व है कि आप निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की कमी मिलनें पर क्षेत्रीय उपयंत्री अथवा नगर निगम कार्यालय में तत्काल इसकी सूचना दें।

---



# शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने शहर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आयोजन समितियों से मुलाकात कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आयोजकों को अग्निशमन यंत्र, सुरक्षित विद्युत कनेक्शन, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मिशन चौक, आजाद चौक, शेर चौक, सुक्खन चौक, झंडा बाज़ार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक इत्यादि जगहों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित रखने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों और गणेश उत्सव समितियों एवं मिलाद उन नबी पर्व के आयोजकों से अपील की कि वे त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन का उद्देश्य "सुरक्षा, श्रद्धा और व्यवस्था" को प्राथमिकता देते हुए त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना है।

---

फसल बेचने के लिए आधार का सत्यापन किया जाएगा

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानो को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं बिचोलियों व दलालों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्यि पर धान की खरीदी के इंतजाम किये जा रहे है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्यि पर धान की खरीदी के लिए 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक किसानो का पंजीयन किया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य0 पर धान की खरीदी के लिए किसानो का पंजीयन आगामी 15 सितम्बंर से प्रारंभ किया जाएगा। पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। किसान ग्राम पंचायत, जनपंद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थावपित सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर निःशुल्कर पंजीयन करा सकते है। किसान एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यीक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी निर्धारित शुल्कन जमा कर अपना पंजीयन करा सकते है। इनमें भी प्रति पंजीयन 50 रुपये से अधिक का शुल्क नही लिया जाएगा।

सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान भी अपना पंजीयन करा सकते है। ऐसे किसानो का पंजीयन सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर ही किया जा सकेगा। ऐसे किसानो को पंजीयन के लिए आधार, आधार नम्ब्र से लिंक मोबाईल नम्बार तथा निर्धारित प्रारूप में सिकमीनामा लेकर आना होगा। सिकमीनामें की प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑपरेटर द्वारा स्कै न कर अपलोड की जाएगी, इसके उपरांत ही पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण होगी।

पंजीयन के लिए किसान को भूमि संबंधी दस्ताधवेज, आधार नम्बजर, आधार नम्ब र से लिंक मोबाईल नम्बयर एवं आधार नम्बधर से लिंक बैंक खाते की आईएफएससी कोड सहित जानकारी उपलब्ध्र कराना होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्ते बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्यं नहीं किये जाएंगे। किसान का पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नम्ब र का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सत्योपन आधार नम्बआर से लिंक मोबाईल नम्बएर पर प्राप्तय ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जाएगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जब किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्योपन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा।

ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानो के रकबे, फसल एवं फसल की किस्मव का सत्याजपन राजस्वं विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। वन पट्टाधारी किसानो के रकबे एवं फसल का सत्यापन वन विभाग के अमले द्वारा किया जाएगा।

---

## भोग सामग्री का अधिक संचय दुख का कारण बनता है



जैन समाज पंचायत समिति के द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्व कें नौवे दिन जैन बोर्डिंग हाउस में पण्पूण्मुनिश्री पदम सागर जी महाराज ने उत्तम अकिंचन धर्म पर चर्चा करते हुये बतलाया परिग्रह के प्रति आकर्षण या द्वेष उनकी चिंता करना यह दुख का कारण है उससे मुक्त होने के लिए अकिंचन धर्म का पालन करना चाहिए 24 प्रकार के परिग्रह होते हैए मुनिश्री ने आगे कहा कि सभी प्रकार के विकारी भाव के परिग्रह की श्रेणी में आते है और परिग्रह का सम्पूर्ण त्याग मुनिराज ही करते हैं और गृहस्थ जीवन में जितनी भी तृष्णा घट सकती है उसें घटना चाहिये। उन्होने ने उदाहरण देते हुये कहां कि जैसे छोटी से फांस जैसे शरीर में चुभ जाती है तो वह भी दुखदायी होती है। इस भौतिकवादी युग में अधिक भोग सामग्री का संचय करना दुख का कारण बनता है। अत: परिग्रह को हटाकर अपरिग्रहिय बने तभी आपका जीवन सुखमय शांतिमय होगा। शांतिधारा करने का एवं अर्द्य चढ़ाने का सौभाग्य मनीष जैन.बड्डुए जैन मिलन कटनी एवं रूंगटा कॉलोनी जैन मंदिर के श्रावक श्राविकाओं प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी डॉण संदीप जैन द्वारा किया गया।

---

# आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ेगाः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय सशक्तिकरण का अभियान है। यह अभियान जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने यह बात गुरूवार को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 3 दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लेब के प्रशिक्षण सत्र के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा।

कलेक्टर श्री यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों से आदिवासी बहुल गांवों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों के चयन और विश्वास पर खरा उतरने की अपेक्षा की। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से मैदानी स्तर पर पहुंच कर वंचित तबके के लोगों के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने की बात कही। ताकि आर्थिक, समाजिक स्वास्थ्य व शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में जनजातीय वर्गों का उत्थान हो सके। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारियों और उससे संबंधित फीडबैक की भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री यादव ने आदि कर्मयोगी अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों को सेवा समर्पण एवं संकल्प की भावना के साथ कार्य करते हुये अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

बताया गया कि आगामी दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी तथा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। साथ ही, अभियान अंतर्गत चयनित 199 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्रों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। यह अभियान जनजातीय गौरव वर्ष का अभिन्न हिस्सा है। यह "विकसित भारत 2047" के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा, जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाएगा तथा स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देगा।

इस दौरान संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव एवं निलेश राय, विमल चौरसिया जिला संयोजक, अनु.जा. एवं जनजातीय कार्य विभाग, शत्रुघन त्रिपाठी, आलोक पाठक, अनीता उसराठे, इन्द्र कुमार साहू, अविनाश परौहा, विजय लक्ष्मी मरावी, सुरेश बरोले सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

पुलिस अधीक्षक ने कहा सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क

# त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस, नागरियों को दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पर्वों में शांति, सुरक्षा और सद्भाव का वातावरण कायम करने के उद्देश्य से पुलिस अलर्ट मोड पर है। सिविल लाइन स्थित भगवान गणेश जी की महाआरती में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया एवं कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह विशेष रूप से सम्मिलित हुए। पुलिस अधिकारियों ने महाआरती में शामिल होकर नगरवासियों की खुशहाली, शांति और अपराध मुक्त वातावरण के लिए विशेष प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया और इसे पुलिस एवं समाज के बीच संवेदनशील जुड़ाव का प्रतीक बताया।



कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि पुलिस का पहला कर्तव्य नागरिकों की सुरक्षा है। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि अपराधियों में पुलिस का भय और आमजन में विश्वास कायम करना ही उनकी प्राथमिकता है। साथ ही भरोसा दिलाया कि आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी और किसी भी परिस्थिति में नागरिकों को असुरक्षित महसूस नहीं होने दिया जाएगा।

नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने जानकारी दी कि त्योहारों को देखते हुए फ्लैग मार्च, गश्त और निगरानी को और अधिक सघन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### महाआरती में हुए शामिल

कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह ने नगरवासियों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें। उन्होंने कहा "पुलिस तभी सशक्त है, जब नागरिक उसके साथ खड़े हों।" इस पहल ने न केवल लोगों के बीच पुलिस की संवेदनशील और सजग छवि को मजबूत किया बल्कि नागरिकों के दिलों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल भी कायम किया। महाआरती में शामिल नागरिक भावुक होकर पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते नजर आए।

---

## गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु बनाए गए कृत्रिम कुण्ड

# कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन रहेगा प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे नें शनिवार 6 सितंबर को नगर में गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं चल समारोह की कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रभारी अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए इनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे गठित दल को नगर के 11 चिन्हित घाटों में निर्मित कृत्रिम कुंडों में गणेश प्रतिमा विसर्जन की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए है।



### अधिकारी, कर्मचारी रहेंगे तैनात

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल की गाइडलाइन के परिपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा नगर के चिन्हित 11 विसर्जन घाटों में कृत्रिम कुंडों का निर्माण कर लगभग पूर्णतः की ओर है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा सफलतापूर्वक प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु नगर निगम के 140 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई है।

विसर्जन स्थल गाटरघाट का प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को नियुक्त किया जाकर इनके साथ उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, समयपाल पंकज निगम सहित 13 अन्य अधिकारी कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। वहीं पीरबाबा निवार नदी एवं हनुमान घाट के दोनों ओर प्रतिमा विसर्जन हेतु सहायक यंत्री अनिल जायसवाल एवं उपयंत्री पवन श्रीवास्तव के साथ 16 कर्मचारियों के दल की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं विसर्जन स्थल मोहन घाट, मसुरहा घाट, माई नदी, बाबा घाट, छपरवाह घाट, विलगवां घाट, सिमरार नदी रपटा जुहला, बजरंग कॉलोनी तट एवं ट्रांसपोर्ट नगर तालाब में भी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु अलग अलग प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये जाकर 10-10 कर्मचारियों के दल को संलग्न किया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण में करें सहयोग

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं आयुक्त श्री नीलेश दुबे ने नगर की गणेश प्रतिमा समिति के पदाधिकारियों एवं नागरिकों से चिन्हित विसर्जन कुंडों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने, प्रतिबंधित घाटों में प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं करनें तथा चलित सुसज्जित वाहन के कृत्रिम कुंड में सुविधापूर्ण तरीके से प्रतिमाओं का विसर्जन का लाभ प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया है।

### यहां विसर्जन किया प्रतिबंधित

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं शांति समिति में लिए गया निर्णय के परिपालन में गणेश विसर्जन पर्व के दौरान कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । इस संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी करते हुए कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु अलग अलग प्रभारी नियुक्त किया जाकर तीन शिफ्ट में 6-6 कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। निगमायुक्त श्री दुबे ने गणेश समिति के पदाधिकारियों एवं नागरिकों से प्रतिबंधित स्थलों में प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं करने तथा चिन्हित कृत्रिम कुंडों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

---

# कटनी से बिछड़ा बालक गुना में अपने माता-पिता से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी रेलवे स्टेशन पर दो साल पहले मिले एक गुमशुदा बच्चे अनिल (परिवर्तित नाम) को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) महिला एवं बाल विकास के अथक प्रयासों के बाद उसके असली घर, गुना में परिवार से मिला दिया गया है। लगभग दो साल पहले, जब अनिल कटनी रेलवे स्टेशन पर अकेला मिला था, तो उसे किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत 'देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाला बालक' मानकर आशा किरण बालगृह में रखा गया। शुरू में अनिल अपने घर और परिवार के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था, बस इतना बताया कि वह ₹देवरी₹ गांव के आसपास रहता है।

डीसीपीयू ने कटनी के आस-पास के जिलों में ₹देवरी₹ नाम के गांव में लगातार खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इस दौरान, उसकी लगातार काउंसलिंग की जाती रही। एक काउंसलिंग सत्र में उसने बताया कि वह गुना का निवासी है। इसके बाद, डीसीपीयू कटनी ने डीसीपीयू गुना से संपर्क किया। शुरुआत में गुना में अनिल के नाम से कोई गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज नहीं मिली। इसके बाद, डीसीपीयू कटनी ने गुना पुलिस को अनिल का फोटो और विवरण भेजा, जिसे सभी थानों में प्रसारित किया गया। फिर भी, परिवार का पता नहीं चल पाया। इसके बाद, काउंसलिंग के दौरान अनिल ने स्वयं कहा कि अगर उसे गुना ले जाया जाए, तो वह अपना घर पहचान पाएगा। टीम के साथ अनिल को गुना भेजा गया। वहां, गुना डीसीपीयू के सहयोग से अनिल अपने घर और माता-पिता को पहचान पाया।

# गणेशोत्सव की धूमः जिले में जगह जगह सजी विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति की आकर्षक झांकियां, दर्शनों को उमड़ रही भीड़


**सगौनी**। सार्वजनिक मढा मंदिर पटेरिया।


**सगौनी**। नवयुवक मंडल बस स्टैंड पटेरिया।


**सगौनी**। बाल गणेश उत्सव समिति पटेरिया।


**सगौनी**। बजरंग दल समिति मिडिल स्कूल पटेरिया।


**तेंदूखेड़ा**। पुलिस थाने में विराजमान श्रीगणेश


**तारादेही**। ग्राम में विराजमान श्रीगणेश की प्रतिमा

# शिक्षकों को मिलेगा चतुर्थ वेतनमान

### शिक्षक संघ की प्रमुख मांग पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा

दमोह।

05 सितम्बर शिक्षक दिवस पर भोपाल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान देने की बड़ी घोषणा की। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को शासन की ओर से मिले इस उपहार से शिक्षक समाज में हर्ष व्याप्त है।

जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभाग सागर के संभाग अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन ने बताया कि विगत 2 सितंबर को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांत अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा कर 27 मांगों के निराकरण पर चर्चा की थी । जिसमें नवीन शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता तथा सभी शिक्षकों को चतुर्थ समय मान वेतनमान की मांग प्रमुखता से रखी गई थी। ज्ञात रहे की शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को छोड़कर अन्य सभी संवर्ग और अन्य विभागों के कर्मचारियों को चतुर्थ वेतनमान का लाभ दिया जा रहा था। शिक्षकों के साथ हो रहे इस सौतेले व्यवहार के चलते इस वर्ग के शिक्षकों में काफी आक्रोश था। इस निर्णय के लागू होने पर शिक्षकों को 12 वर्ष, 24 वर्ष, 30 वर्ष एवं 35 वर्षो की सेवा पूर्ण करने पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ मिलेगा। इस सत्र में इस निर्णय के लागू होने से शासन पर 117 करोड़ का व्यय आएगा। मुख्यमंत्री के द्वारा लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय का मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सहित ए बी आर एस एम के अखिल भारतीय ओर मप्र शिक्षक संघ प्रांतीय पदाधिकारियों

# ईद-मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलुसे-मोहम्मदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



दुनिया को इंसानियत मानवता भाईचारे का पैगाम देने वाले इस्लाम धर्म की अंतिम पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाने वाला पर्व ईद-मिलादुन्नबी हटा में मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस-ए मोहम्मदी पूरी शानो-शौकत के साथ निकालकर मनाया गया। नगर में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा शुक्रवार की सुबह मस्जिद में कुरान ख्वानी एवं तकरीर के साथ दुआ की गई। सुबह 8 बजे नगर के मदार चिल्ला छोटी मस्जिद प्रांगण में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्रित होकर जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर तकरीर की इसके उपरांत परचम गोसाई की गई। तदोपरांत मुस्लिम भाइयों द्वारा मदार चिल्ला मस्जिद से खचना नाके से अंधेरा बगीचा होते हुए मंदिर मस्जिद चौराहा से बड़ा बाजार होते हुए रतन बजरिया के रास्ते से चंडी जी पेट्रोलपंप नायक तिगडडा, राय चौराहा से होकर छोटी मस्जिद प्रांगण पर जश्ने जुलूस-ए-मोहम्मदी जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान जुलूस में मौजूद मुस्लिम भाइयों द्वारा सलातो सलाम पढ़ते हुये चल रहे थे एवं युवा अपने हाथों में इस्लामी झंडा लहराते हुए इस्लामी नारे लगाने के साथ ही हजरत की शान में नात शरीफ पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान मुस्लिम भाइयों द्वारा पैदल टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों पर सवार होकर शानो शौकत के साथ हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने शिरकत की। जलसे जुलूस के दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा नगर में अपने-अपने मोहल्ले में लंगर तबर्रुक का एहतमाम कमेटियों द्वारा किया गया। जुलूस के दौरान राकेश मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन तहसीलदार शिवराम चढार, टीआई पीआई धर्मेंद्र उपाध्याय पुलिस बल के साथ सक्रियता से मौजूद रहे। वहीं जुलूस मार्गों पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था इसके अलावा नगर में जुलूस के दौरान चप्पे चप्पे पर सुरक्षा दृष्टि को मद्देनजर रखते हुए ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा नगर में जामा मस्जिद छोटी मस्जिद कटरा मस्जिद अंधियारा बगीचा आदि स्थानों को आकर्षक साज-सज्जा कर दुल्हन की तरह सजाया गया। त्यौहार को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह रहा।

# तेज़गढ़ में गंगा-जमुनी तहज़ीब की अनूठी मिसाल

तेजगढ़। ग्राम ने इस बार भी गंगा-जमुनी तहज़ीब और भाईचारे की अद्भुत मिसाल पेश की। यहाँ सर्व समाज के लोगों ने मिलकर बड़े ही उत्साह और आपसी सद्भाव के साथ जश्ने ईद-ए-मिलादुन्नबी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत



प्रातः 8 बजे शानदार बाइक रैली से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। रैली गाँव की प्रमुख गलियों और मार्गों से होते हुए गुज़री और लोगों को शांति, भाईचारे एवं एकता का संदेश दिया। इसके बाद प्रातः 9 बजे से विशाल पैदल जुलूस निकाला गया, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी शामिल हुए। जुलूस में नबी-ए-करीम की शिक्षाओं को याद करते हुए अमन, सौहार्द और इंसानियत का संदेश दिया गया। इस अवसर पर गाँव के समाजसेवी महेंद्र दीक्षित और मनोहर मासाब ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाईचारा और एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताक़त है। नबी-ए-करीम की शिक्षाएँ हमें आपसी सौहार्द, प्रेम और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। तेजगढ़ ग्राम ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब सभी समाज एक साथ आते हैं तो गंगा-जमुनी तहजीब और भी मजबूत होती है। कार्यक्रम में अरविंद सिंह थाना प्रभारी, भारत सिंह लोधी, बेड़ी सिंह सदर, पंजीलाल जैन तथा गंगाराम वंशल की विशेष उपस्थिति रही। अंत में सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार तेजगढ़ सदर सप्पी शा ने व्यक्त किया। ग्रामवासियों ने बताया कि ईद-ए-मिलादुन्नबी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक है। जुलूस के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और देश की खुशहाली एवं अमन-चैन के लिए दुआ की ।

### कौम की अनेक प्रतिभाओं एवं शख्सियतों का सम्मान हुआ

# सद्भाव से मनाई जश्ने ईद मिलादुन्नबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया





प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी इस्लाम धर्म के जनक, हर आलम की रहमत, इमाम उल अंबिया, खातमुल रसूल, अमन, शांति , आपसी सद्भाव एवं गरीबों व यतीमों के मसीहा अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद नूर मुजस्सिम सल्लल्लाहु अलैयहि वसल्लम की यौमे पैदाइश की खुशी के मौके पर पूरे विश्व में मनाया जाने वाला जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व नगर हिण्डोरिया में अजीम-ओ-शान-ओ- शौकत के साथ परंपरागत ढंग से सादगी एवं सदभाव पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस मौके पर सबसे पहले नगर एवं आसपास के सैकड़ों मुस्लिम भाई एवं अन्य वर्ग समुदाय के लोग स्थानीय जामा मस्जिद परिसर में एकत्रित हुए । जहां सुबह 8:00 बजे परंपरा अनुसार परचम कुसाई की विशेष रस्म अदा करते हुए पीरो तरीकत मौलाना व मुर्शिदना हाजी कमालुद्दीन खान साहब सल्लामहु ताआला (कमाल मियां) की जेरे सर परस्ती में नगर के प्रमुख मार्गों पर आतिशबाजी, डीजे, बाजे- गाजे, सीनरी, झण्डा,बैनरों, वाहनों आदि के साथ एक विशाल जुलूस- ए-मुहम्मदी निकाला गया। जुलूस का रास्ते भर अकीदतमंद हजरातों के द्वारा जगह-जगह इस्तकबाल किया गया। जुलूस का समापन स्थानीय मदार चिल्ला डॉ.जाकिर हुसैन वार्ड नंबर 08 में किया गया । जहां पर एक विशाल दीनी जलसे का आयोजन हुआ। यहाँ जलसा के तेरे सदर मुर्शिद हाजी कमाल मियां खान साहब सल्लामहु ताआला,जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जनाब तनवीर अहमद मिस्वाही, हाफिज व कारी जनाब खलील रज़ा खान साहब, हाफिज व कारी इरफान रज़ा बरकाती ने सरकार की सीरत- ए -पाक व सूरत- ए- पाक पर विस्तार से रोशनी डाली।सभी ने हजरत मुहम्मद साहब के बताया राह- रास्ते पर चलने की बात कही गई। जलसा मे हिदायत खान, अंसार खान, कदीर बजाज, कलीम शाह, सुजात खान व्दारा शानदार दीनी कलाम पेश किये गये। इस मौके पर दोनों मस्जिदों के पेश इमाम, मुअज्जन,कुरान पाक मुकम्मिल करने वाले बच्चों, सीनरी बनाने वाले कलाकारों, नगर के सभी हाजी हजरातों, कब्रिस्तान निर्माणकर्ताओं, मीडिया साथियों, शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सार्वजनिक रूप से सम्मान किया गया। इंतजामिया कमेटी के सदर मुहम्मद सामी उर्फ शमीम खान एवं कमेटी के अ. वाहिद कल्लू, शाकिर मसीहा, नसीम पठान मुकीम खान, इरफान पठान, रहीस खान,नजीर खान, राजा नूरी, वारिश खान, उबैश खान आदि ने प्रोग्राम मे सहयोग एवं उपस्थिति देने वाले सभी मुस्लिम भाइयों, हसनी हुसैनी कमेटी, नूरी फरीदी इमदाद कमेटी, ख्वाजा गरीब नमाज कमेटी, नगर परिषद, पुलिस विभाग, बिजली विभाग आदि का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ठा. हेमेन्द्र सिंह, जिला सीईओ श्री फुलपगारे जी, नारायण सिंह आडीटर,सुधांशु चौबे, जाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, एएसआई मलखान सिंह, पार्षद लक्ष्मण पटैल, लछन साहू, ठा.करन बाबा, प्रेम नारायण साहू, बबलू साहू, मुन्ना ठाकुर, महेन्द्र सिंह, संदीप बौध्द, एड- संजय अग्रवाल, एड- नरेंद्र दाहिया, राम कुमार खटीक आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर्स ने किया वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज कार्यालय पुरानी कलेक्ट्रेट में मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज संगठन के जिला एवं तहसील कार्यकारिणी के वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन डॉ पी एल शर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकारिणी के शिक्षक सदस्यो में मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक श्री ठाकुर उमराव सिंह,निर्देशक मंडल सदस्य कमल सिंघई ,श्याम सुंदर शुक्ला राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कवि एवं साहित्यकार, एम सी जैन,कार्यवाहक अध्यक्ष एम एल सरईया, गणेश दुबे ,तहसील अध्यक्ष नन्हे भाई पटेल ,लक्ष्मण सिंह ठाकुर , हाकिम सिंह आदि शिक्षकों का सम्मान किया गया।उद्बोधन में श्याम सुंदर शुक्ला ने सभी पेंशनरों को स्वयं के अहंकार से ऊपर उठ कर यह संसार जिसके नियंत्रण में है उसको जानने का अच्छा अवसर है की सीख दी।साथ ही अवगत कराया कि चाहे कोई किसी भी ,कितने भी बड़े पद पर हो पर उसका निर्माण शिक्षक ही करता है।उमराव सिंह ठाकुर द्वारा मस्त रहो,गत के भय भविष्य की चिंता से दूर कर आज में रहने ,सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की सलाह दी।श्री एम एल सरैया द्वारा बताया गया कि शिक्षक एक सम्मान का पद है यदि वह अपना कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करे तो उन्हें सम्मान अवश्य प्राप्त होगा।अंत में श्री पी एल शर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आज के परिपेक्छ गुरु को अब दो हिस्सों में एक आध्यात्मिक गुरु एक शिक्षक गुरु में विभक्त हो जाने से अवगत करते हुए सर्व पल्ली डॉ राधा कृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी एक शिक्षक से राष्ट्रपति तक पहुंचने की यात्रा से अवगत कराया जिनके जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है से अवगत कराया।कार्यक्रम के आयोजन में अभय भट्ट, ललित चौबे महामंत्री, पी एन अहिरवार कोषाध्यक , धर्म दास अहिरवार आदि का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ अंत में आर के मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर समाज द्वारा अल्प सूचना पर सभी के उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# आज बप्पा का होगा विसर्जन

**तेंदूखेड़ा**। शहर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी को गणेश जी की स्थापना की गई थी और दस दिनों तक लगातार पूजा आरती के साथ भजन कीर्तन सहित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा घर घर तथा सार्वजनिक स्थानों में विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का गुरुवार से ही घर घर हवन पूजन व कन्या भोज शुरू हो चुके हैं। जहां शुक्रवार को नगर में सबसे ज्यादा घरों और स्थानों पर भगवान श्रीगणेश का हवन पूजन और कन्याभोज सहित भंडारे का आयोजन किए गए है। आज शनिवार है अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का चल समारोह व विर्सजन का सिलसिला शुरू होगा जो देर-रात तक चलता रहेगा। विघ्न विनाशक गणपति महोत्सव पर शुक्रवार को भी जगह जगह सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति व घरों में हवन पूजन व भंडारा और कन्या भोज का आयोजन किया गया है और कुछ स्थानों और घरों में आज भी हवन पूजन व कन्या भोज सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा श्रंद्धाजुओ द्वारा घरों में विराजित गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना कर हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। साथ ही आज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी भगवान श्रीगणेश का चल समारोह और विसर्जन धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। जहां नगर की गुरैया नदी माहुला नदी मढ़ियाघाट झरौली नदी तालाब में भी गणेश भगवान का विसर्जन किया जाएगा।

# रनेह में मनाई गई ईद



**रनेह**। रनेह मे जुलूस निकला गया पहले मस्जिद मे परचम पहराया गया इसके बाद पूरे गाव मे जुलूस निकला गया साथ हि मुस्ताक खान के निज निवास पर केक काटा गया जिसमे मुस्ताक खान, हाजी सत्तार खान, हाजी हजरत खान, हाजी दबे बजाज, सागीर खान, जहागीर खान, शिक्षक जेपी राजा, अंकित राय सुरेंद्र सिंह और सभी मुस्लिम समुदाय उपस्थित रहा।

# पैगंबर साहब का जन्मदिवस मनाया



**फतेहपुर**। बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत फतेहपुर में ईद मिलादुन्नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस पर शोभा यात्रा जुलूस निकाला गया जिसमें सभी मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित होकर भव्य जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर शकील मंशूरी, हजरत खान, अबजल खान, अकबर खान आदि सभी मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति रही। शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी उपस्थित रहा। चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह एवं समस्त पुलिस बल की उपस्थिति रही।

# संस्कार भवन में गणपति बप्पा के लगे जयकारे

### राष्ट्रीय तीनों अध्यक्षों व महासभा पदाधिकारियों का सम्मान समारोह संपन्न

**संस्कार भवन में गणपति बप्पा के लगे जयकारे, राष्ट्रीय तीनों अध्यक्षों व महासभा पदाधिकारियों का सम्मान समारोह संपन्न**



**दमोह**। शहर स्थित असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन में 78 वर्ष से श्री गणेश जी स्थापना की जा रही है. इस बार 2025 में 69वें वर्ष भी नवयुवक मंडल असाटी समाज दमोह द्वारा श्री गणेश जी की सेवा की जा रही है. बता दे कि 27 सितंबर को श्री गणेश जी की स्थापना उपरांत प्रतिदिन सुबह-शाम आरती में समाज के सैकड़ो भक्त शामिल होकर आरती कर आनंद प्राप्त कर रहे हैं. 30 अगस्त को सुंदरकांड और 2 सितंबर को भव्यता से महाआरती और छप्पन भोग का आयोजन किया गया था.इसके उपरांत 3 सितंबर को शाम कालीन आरती में वीरेंद्र असाटी (बड़ा मलहरा) राष्ट्रीय अध्यक्ष, अंकुर असाटी (बल्देवगढ़) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और श्रीमती शशि असाटी (जबलपुर) महिला अध्यक्ष, और दमोह क्षेत्र के महासभा के पदाधिकारियों ने शामिल होकर श्री गणेश जी का आशीर्वाद लिया.तदोपरांत नवयुवक मंडल असाटी समाज द्वारा तीनों राष्ट्रीय अध्यक्ष, जबलपुर असाटी समाज कोषाध्यक्ष उषा असाटी, दमोह क्षेत्र से महासभा पदाधिकारियों में संरक्षक केएल असाटी, मार्ग दर्शक शिवराम असाटी, संगठन मंत्री चंदू राजेंद्र असाटी, महिला सह सचिव शोभा असाटी, महिला मंत्री रीता असाटी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस असाटी, संयोजक परिणय बंधन अशोक असाटी, सहसंयोजक शिक्षा महेश असाटी और अंत में नवयुवक मंडल असाटी समाज मार्गदर्शक शैलेंद्र असाटी का माला पहनाकर शाल- श्रीफल से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी द्वारा दिए गए उद्बोधन में उन्होंने श्री गणेश जी को नमन करते हुए कहा कि नवयुवक मंडल लगातार 69 वर्ष से श्री गणेश जी की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा अर्चना करता रहा है. यह बहुत अच्छा है. इसी तरह सभी युवा टीम गणेश जी की आराधना कर रही है. आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही अच्छी बात है, दमोह असाटी समाज लगातार धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बेहतर कार्य कर रहा है.मैं तीनों समितियों को बधाई, शुभकामनाएं देता है. इस अवसर पर दमोह असाटी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, विनय असाटी दो भाई, आलोक असाटी, दिनेश असाटी प्राचार्य और भी समाज के वरिष्ठ जन, बच्चे, महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रही. नवयुवक मंडल सचिव विवेक असाटी ने बताया कि 6 सितंबर सुबह 8 बजे हवन पूजन, 11 बजे कन्या भोज और शाम 6 बजे विसर्जन पुरैना तालाब में होगा, आप सभी शामिल होने की अपील की।

# पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया



**तेंदूखेड़ा**। नगर में अंजुमन इस्लामिया कमेटी एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पैगम्मा मोहम्मद साहब के जन्म दिवस जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। तेंदूखेड़ा जमा मस्जिद में रात में मिलाद का प्रोग्राम रखा गया और सुबह 9:00 बजे से जुलूस जामा मस्जिद तेंदूखेड़ा से होता हुआ पंचवटी मंदिर खगड़िया रोड बाजार थाना रोड से होता हुआ राम मंदिर से होता हुआ जबलपुर रोड स्थित मदरसे में इसका समापन हुआ यह जुलूस नगर के विभिन्न गलियों से गुजरता हुआ वार्ड नंबर 8 विद्यानगर में समापन हुआ और फिर सलातो सलाम की बात हाफिज खालिद राजा ने फातिहा खानी की दुआ फरमाई अपने अपने मुल्क हिंदुस्तान की अमन चैन तरक्की की सलामती भी दुआ की । इस मौके पर इस जुलूस में तेंदूखेड़ा मस्जिद के सदर अब्दुल शमी उप सरदार डॉक्टर अजीज खान अब्दुल सलाम ,सलीम खान पी डब्ल्यू डी ,जाहिद खान ,शाहिद हुसैन ,शाहिद अली, अक्कू भाई ,जान अब्दुल कलाम, तबरेज अली ,जीशान ,इमरान खान रईस बाबा, परवेज खान, शोएब खान, मकसूद अली सलीम खान, भूरा भाई जान, साजिद खान अनवर शाह शहीद शाह आदि हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकाला जलसा



**गैसाबाद**। हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्मदिन पर ग्राम में मुस्लिम समाज द्वारा इमाम चौक से जलसा निकल गया जो बस स्टैंड आजाद चौक से होते हुए पुलिया तक पहुंचा। जहां पर जलसा का स्वागत अभिनंदन किया गया। जलसा का समापन मुस्लिम मोहल्ला में स्थित इमाम चौक पर किया गया। इस अवसर पर समाज के सदर मगन शा, मजीद खान मज्जू ड्राइवर इदरीश खान, मुन्ना खान यासीन खान मक्कू खान रईस खान आजाद खान एजाज खान वसीम खान सहित मुस्लिम समाज की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## राष्ट्रपति ने शिक्षिका शीला पटेल को किया सम्मानित




**दमोह।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दमोह जिले की शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया की शिक्षक शीला पटेल को राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज दमोह जिला एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। श्रीमती पटेल का लगातार 02 वर्षों में राज्य सम्मान और राष्ट्रीय सम्मान पाना निश्चय ही एक दुर्लभ उपलब्धि है। श्रीमती शीला पटेल की शिक्षा के क्षेत्र में और आपकी खेत और किसान के हित में सक्रियता , गहनता, सम्वेदनशीलता, और नवाचारिता निश्चय ही प्रशंसनीय है। उन्होंने एक बार पुनः पटेल दंपत्ति को हृदय से बधाई दी।

### ढाई घंटे मशक्कत के बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हो पाया

## दमोह-जबलपुर हाईवे पर लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दो ट्रक की आमने-सामने कीभिड़त हो गई तीसरा ट्रक पंपप्रेसर से खराब हो गया जिससे दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे जाम की स्थिति बन गई सिंग्रामपुर जंगल के सतघिटया में ढाई घंटे घंटे जाम लगा हुआ है। सिंग्रामपुर चोकी प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया दो ट्रैकों की भिड़ंत हो गई है जिससे जाम कि स्थिति बन गई है साइड पट्टी से टू व्हीलर वाहन और बसों को सुचारू रूप से एक-एक का निकाला जा रहा है। जेसीबी मशीन से ट्रक साइट करवा कर ट्रक बडे वाहनों को निकाला जाएगा। सिंग्रामपुर नगरवासी शिक्षक बहादुर राय ने बताया माननीय मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने निज निवास पर शिक्षक सम्मान के लिए आमंत्रण



किया था। जाम के कारण करीबन डेढ़ घंटे से फंसे हुए हैं सिंग्रामपुर जबेरा के बीच में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है यहां पहले भी स्थिति बन चुकी है। सिंग्रामपुर सतसटिया मे वनविभाग फॉरेस्ट जंगल होने कारण पर सड़क चौड़ीकरण न होना यह स्थिति निर्मित हो रही है कि आए दिन जंगल में जाम से राहगीर परेशान हो रहे हैं। घंटो बस में बैठकर जाम खुलने का इंतजार करते रहते हैं राहगीर अपने स्थान नहीं पहुंच पा रहे हैं। प्रशासन की ढीलाशाही रवैया और वन विभाग की बेरुखी से यह सड़क मार्ग चोडींकरण का मुद्दा बना हुआ है जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

## जागेश्वरधाम पहुंचे दादा गुरु



**दमोह।** अखंड निराहार समर्थ सदगुरु सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु महाराज का आगमन शुक्रवार को देव श्री जागेश्वर धाम में हुआ। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा गोबर गणेश उत्सव और सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रावण मास से पूर्व ही दादा गुरु ने अपने प्रवास के दौरान मंदिर प्रबंधकों और श्रद्धालुओं को बड़े स्तर पर पौधारोपण के निर्देश पर मंदिर ट्रस्ट ने धेनुवन गोवर्धन पर्वत पर बृहद पौधारोपण अभियान चलाया। आज पुनः हुए आगमन पर दादा गुरु ने श्री जागेश्वरनाथ जी का पूजन किया, तत्पश्चात दादा गुरू महाराज जी ने नित्यानंद सरकार और केवलारी समाधि स्थल पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा धेनुवन गोवर्धन पर्वत पहुँचकर गोबर गणेश का पूजन किया। दादा गुरु महाराज जी ने गौमाताओं का पूजन कर उन्हें चारा खिलाया, ध्वजारोहण किया और तत्पश्चात पीपल के पौधे की छाया में भक्तों को संदेश दिया। उन्होंने कहा पौधे देवताओं की आत्मा हैं। पौधे हैं तो जीवन है, पौधे नहीं तो हमारा अस्तित्व भी नहीं है।

## खबर संक्षेप

### राजनगर तालाब में विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित

**दमोह** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पर्यावरण सुरक्षा, जलस्रोत संरक्षण एवं नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राजनगर तालाब में गणेश प्रतिमाओं एवं पूजा-अर्चन सामग्री का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित किया हैं। यह प्रतिबंध आगामी अनंत चतुर्दशी एवं सभी अन्य धार्मिक अवसरों पर लागू होगा। उन्होंने कहा इस आदेश का उल्लंघन करने वालो पर विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना एवं अन्य दंड शामिल हो सकते हैं। ज्ञात हो कि राजनगर तालाब नगर की पेयजल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है और इसका जल नगर के निवासियों के लिए शुद्ध पेयजल के रूप में उपयोग किया जाता है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर राजनगर तालाब में गणेश प्रतिमाओं एवं पूजा-अर्चन सामग्री का विसर्जन करने से जल में प्रदूषक तत्व प्रवेश कर सकते हैं, जिससे नगरवासियों की पेयजल आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव पड़ने की संभावना होती है।

### प्रेसीडेन्ट-इन-काउसिंल की बैठक 8 सितम्बर को

**दमोह।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह राजेन्द्र सिंह लोधी ने बताया नगर पालिका अध्यक्ष मंजू/वीरेन्द्र राय की अध्यक्षता में 08 सितम्बर दोपहर 12 बजे से अध्यक्ष कक्ष नगर पालिका दमोह में प्रेसीडेन्ट-इन-काउसिंल की बैठक आहुत की गई हैं।

### एनएसपीसी राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**दमोह।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से एनएसपीसी राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें परीक्षा परिणाम उपरांत महाकौशल प्रांत में दमोह जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दमोह जिले में 75 विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें जिले में उत्कृष्ट विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. पटेल ने विद्यार्थियों के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने प्रेरित कर परीक्षा में सम्मिलित कराया। एन.एस.पी.सी. राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, कॉलेज एवं अन्य स्तरों पर आयोजित हुई। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर मध्यप्रदेश में प्राथमिक स्तर पर रूद्राँश अठया (सेण्ट जॉन्स स्कूल), संजना तिवारी (ओजस्विनी स्कूल) व माध्यमिक स्तर पर अमर अहिरवाल, उच्चतर माध्यमिक स्तर से अंजली भारती (नवोदय विद्यालय हटा) तथा राहुल ठाकुर (ओजस्विनी स्कूल, दमोह), कॉलेज स्तर पर मोनिका साहू, अन्य स्तर पर इमरान खान (एकलव्य यूनिवर्सिटी दमोह), ज्योति सोनी (सरस्वती शिशु मंदिर डॉ. कानेटकर भवन दमोह) इन सभी विद्यार्थियों ने म.प्र. स्तर पर टॉपर की सूची में अपना स्थान बनाया।

## गायत्री परिवार की कार्यशाला का हुआ समापन



**पथरिया।** शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन पर गायत्री शक्तिपीठ सिद्ध पहाड़ी पथरिया में पांच दिवसीय युवा चेतन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री परिवार के कर्मकांड, संस्कार और रीति-नीति पर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक गायत्री परिवार के कर्मकांड, हर घर 1 कुण्डीय यज्ञ, मंडल स्तर पर गठन, गायत्री परिवार की रीति-नीति आदि संस्कार,गायत्री शक्तिपीठ का महत्व दिनेश कुमार दुबे जी ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ सिद्ध पीठ सिद्ध बन रही है और इसे संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया और गुरुदेव माताजी की संदेश हर गांव गली तक जा सकें इसलिए गायत्री परिवार के विस्तार करने की बात रखी तो वहीं सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और नशा मुक्ति अभियान पर जोर दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी को गायत्री परिवार से जुड़ने और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने की बात कही। कार्यशाला में समापन पर प्रमुख रूप से तुलसीराम पटेल, जगदीश पटेल, गणेश विश्वकर्मा, हरलाल चौरसिया, महेश खरे शिक्षक, सुनू पटेल,अमित पाठक,भरत श्रीवास्तव,के सी गुप्ता, दिलीप पटैल, सुदेश चौरसिया,विजय तिवारी, कुमारी दर्शिका तिवारी, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, जगन्नाथ पटेल, नारायण चौरसिया, विजय श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहें आभार व्यक्त गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राजेंद्र श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया और पं. दिनेश दुबे जी की विदाई की।

## कलेक्टर ने छात्रा को शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर किया उत्साह वर्धन



**पटेरा।** पटेरा जनपद की माध्यमिक शाला हरदुआ की कक्षा 8वीं की छात्रा यशोधा आदिवासी को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर छात्रा का उत्साहवर्धन किया व उसे अगले वर्ष अच्छे स्कूल में प्रवेश दिलाने आश्वास्त भी किया। गौर हो कि बाढ़ के समय कलेक्टर महोदय ने हरदुआघाट ग्राम के प्रवास पर छात्रा यशोधा आदिवासी से कुछ प्रश्न पूछे थे जिनको छात्रा ने अच्छी तरह से जवाब दिये थे। जिस पर कलेक्टर ने उसे पुरूस्कृत करने की बात कही थी। शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर कलेक्टर ने उसे बुलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र समन्वयक श्री द्विवेदी, डीएसी श्री पाठक, पटेरा बीआरसीसी दिलीप उपाध्याय, सरपंच प्रतिनिधि पूरन सिंह मन्नू राजा, देवराज सिंह, शिक्षक मनोज शुक्ला, चंदन पालीवाल की उपस्थिति रही। शिक्षक दिवस के दिन इस उपलब्धि पर विखं के शिक्षकों ने हरदुआ घाट के शिक्षकों को बधाई दी।

## मां नर्मदा भक्त दादा गुरू जी का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शिक्षक दिवस के अवसर पर टाईम्स महाविद्यालय में माँ नर्मदा जी के भक्त श्रीदादागुरू जी का पुण्य आगमन हुआ। श्रीदादागुरू के करकमलों द्वारा महाविद्यालय परिसर में सरस्वती माता का पूजन उपरांत शमी एवं आंवला का पौधा देवस्थापना के रूप में लगाया। श्रीदादा गुरू जी की उपस्थिति में लायंस क्लब दमोह के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि देने वाले एवं जिले के सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। दादा गुरू ने इन सभी शिक्षकों के सराहनीय सेवा कार्य करने के लिए आर्शीवाद दिया तथा उपस्थित



जनसमूह से एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश दिया। संस्था प्रमुख सुशील गुप्ता एवं प्राचार्य डा. मनजीत कौर साहनी, स्कूल प्राचार्य अजय मिश्रा व समस्त टाईम्स परिवार के सदस्यों के द्वारा नर्मदा भक्त दादागुरू के द्वारा दिये गये संदेश के अनुरूप सदैव संस्कार युक्त शिक्षा प्रदाय करने हेतु संकल्पित रहने हेतु आश्वस्त किया। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र दुबे एवं आलोक गोस्वामी के द्वारा किया गया।

## मगरमच्छ को रेस्क्यू कर किया पिंजरे में कैद

### एक हफ्ते मैं 5 फीट का मगरमच्छ,ने किये बछड़े और बकरी को बनाया था अपना शिकार, मगरमच्छ को छोड़ा जाएगा (वन विहार मयूर) भोपाल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर क्षेत्र के ककहरा कॉलोनी में रहवासी इलाके के बीच बने तालाब में पिछले कई महीनों से डेरा जमाए पांच फीट लंबे मगरमच्छ ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी रखी थी मगरमच्छ अब तक गाय के बछड़े और एक बकरी को शिकार बना चुका था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। शुक्रवार की सुबह वन विभाग को मगरमच्छ पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई बताया जा रहा है यह मगरमच्छ रहवासी इलाके में मैं बना हुआ था जिससे वन विभाग एवं ग्राम वासियों की नींद



उड़ी हुई थी। डिप्टी रेंजर प्रवीण तिवारी ने बताया कि रेंजर मनीष पटेल के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई थी जो मगरमच्छ के आसपास निगरानी कर रही थी आज एक हफ्ते बाद मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई है बता दे मगरमच्छ रहवासी इलाके की तलैया में था वन विभाग की टीम एवं ग्राम वासियों की मदद से लगातार प्रयास मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सफलता प्राप्त की है मगरमच्छ को सफलतापूर्वक (मयूर वन विहार) भोपाल भेज दिया गया है। मगरमच्छ को पकड़ने में इनकी रही भूमिका सिंग्रामपुर रेंजर मनीष पटेल ,डिप्टी रेंजर प्रवीण तिवारी , विकास कुमार वनरक्षक कंछेदी लाल चौरसिया, राम दुबे सुखलाल रजक ,ग्रामवासियों मे गुड्डू यादव मंगल ठाकुर और अन्य ग्राम वासियों ने मगरमच्छ पकड़ने में सफलता प्राप्त करवाई। बता दे एक हफ्ते पहले इसी मगरमच्छ ने गंगाराम रजक की पांच बकरियों में से एक बकरी पानी पीने गई थी, तभी मगरमच्छ ने हमला कर उसे पानी में खींच लिया।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं का किया सम्मान



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की प्रख्यात शिक्षिकाओं अर्चना जैन, दीप्ति श्रीवास्तव और द्रोपदी ठाकुर को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया । लीनेस क्लब की अध्यक्षा स्मृति खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि "शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि वे समाज की दिशा और दशा तय करते हैं। उनके मार्गदर्शन से ही आने वाली पीढ़ियां संवारती हैं। रोजी बग्गा ने शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि "शिक्षा वह प्रकाश है जो जीवन भर राह दिखाता है, और शिक्षक वही दीपस्तंभ हैं।" क्लब की माया यादव ,सुनीता अग्रवाल ,भावना शिवहरे और सुधा मिश्रा ने सम्मानित शिक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ, शॉल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा सचदेव ने किया तथा आभार प्रदर्शन नर्मदा सिंह ने व्यक्त किया। समारोह के अंत में सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी शिक्षक-समाज के प्रति सम्मान और सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा।

### किसान सम्मेलन एवं स्वागत रैली में सम्मिलित होगे जीतू पटवारी

**दमोह।** जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षो मोर्चा संगठनों, विभागो, प्रकोष्ठों, कांग्रेस पदाधिकारियो, मंडलम सेक्टर समस्त कांग्रेस जनों एवं जिले के किसानों से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने अनुरोध किया है कि 7 सितम्बर रविवार को दोपहर 12:30 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी, प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायकों का दमोह आगमन हो रहा है। वह सागर नाका स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात स्वागत रैली जो कि सागर नाका से प्रारंभ होकर तीन गुल्ली, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर पर पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात जिले में हो रही खाद, बीज, बिजली (स्मार्ट मीटर) एवं किसानों की अन्य समस्याओं पर आधारित आशीर्वाद गार्डन में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में अपना सम्बोधन देंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## पर्यूषण पर्व के समापन पर कल निकलेगी श्री जी की शोभायात्रा

**दमोह।** पर्यूषण पर्व के समापन पर श्रीजी की शोभायात्रा जुलूस के रूप में दिगंबर जैन विमान कमेटी के नेतृत्व में संपूर्ण जैन समाज द्वारा निकाली जाएगी जुलूस के लिए सभी व्यवस्थाओं को दिगंबर जैन विमान कमेटी ने अंतिम रूप दे दिया है। आयोजन के पूर्व विभिन्न जैन मंदिरों के प्रतिनिधि व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हैं विमान कमेटी के अध्यक्ष महेश दिगंबर एवं मीडिया प्रभारी सुनील वेजीटेरियन ने बताया कि पर्यूषण पर्व के समापन के पश्चात रविवार 7 सितंबर को श्रीजी की शोभा यात्रा पूरे उत्साह और उमंग के साथ निकाली जावेगी इसके लिए सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया है श्रीजी की शोभायात्रा प्रातः 10:30 बजे सिटी नल से प्रारंभ होकर जैन स्कूल नसिया मंदिर पहुंचेग जहां पर श्रीजी का अभिषेक शांति धारा एवं पालकी में विराजमान शास्त्रों की आरती आदि संपन्न होंगे इस मौके पर विद्वानों तपस्वियों एवं प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा शोभा यात्रा सिटी नल से बकोली चौराहा घंटाघर और राय चौराहा से होती हुई नसिया मंदिर पहुंचेगी जहां से वापसी में घंटाघर से मुड़कर पलंदी मंदिर नन्हे मंदिर चौधरी मंदिर बड़ा मंदिर होते हुए सिटी नल वापस आएगी शोभायात्रा के लिए पूरे मार्ग को तोरण द्वारों झंडो बैनर आदि लगाकर सजाया गया है शोभा यात्रा में विभिन्न मंदिरों एवं संस्थाओं के द्वारा सुंदर एवं आकर्षक धार्मिक झांकियां सम्मिलित की जा रही है ।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया पैगंबर साहब का जन्मदिवस



**बटियागढ।** बटियागढ़ में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन । सभी मुस्लिम भाइयों ने मनाया जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़ी ही संख्या में लोग एकत्रित हुए एक दूसरे को मुबारकबाद दी जामा मस्जिद से जलसे की शुरुआत हुई जो की घनश्यामपुर स्थित हजरत समसुद्दीन अली शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह से होते हुए शहजादपुर सरपंच नरेंद्र कटारे ने जलसा में सभी मुस्लिम भाइयों का इस्तकबाल स्वागत किया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी की सभी को मुबारकबाद दी घनश्यामपुर से होते हुए बटियागढ़ के मुख्य मार्ग से होते हुए जुलूस नया बाजार की ओर प्रस्थान किया इसी दौरान जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। इस दौरान बटियागढ़ टी. आई. सुधीर बेगी एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया पैगम्बर साहब का जन्मदिन....

## शानों शौक़त से निकला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का विशाल जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब का जन्मदिन जश्ने ईदमिलादुन्नबी सारे देश के साथ दमोह जिले भी भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जुलूस मोहम्मदी की शुरुआत दमोह के मुर्शिदबाबा में हज़रत फ़ैज़ानुल हक़ साहब ने परचम कुशाई से की जुलूस गढ़ी मोहल्ला होते हुए पठानी मोहल्ला बाज़रिया महाकाली चौक से बाज़ार मोहल्ला घण्टाघर पहुँचा जहाँ गाड़ी खाने में मुस्लिम समाज द्वारा बड़े पैमाने पर जुलूस का इस्तकबाल की विवस्था रहती सभी का स्वागत बाज़ार मोहल्ला निवासियों ने किया इसके अलावा घंटाघर पर सभी सामाजिक राजनैतिक संगठन के लोगों ने जुलूस का स्वागत करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी जजिसमें अजय टण्डन और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल , अनुनय श्रीवास्तव पंडित मनु मिश्रा पंडित सतीश तिवारी सहित घंटाघर पर जमालुद्दीन खान शमीम कुरैशी सहित अनेक लोगों ने स्वागत किया इसी के साथ सिंधी पंचायत के सदस्यों द्वारा कैलाश लाज द्वारा भी स्वागत कार्यक्रम किया गया । जुलूस नगर भर्मण करते हुए मुर्शिदबाबा मैदान पहुँचा जहाँ मौलानाओं की तक़रीर से कार्यक्रम का समापन हुआ समापन कार्यक्रम के दौरान मेहमान मौलाना अब्दुल्ला सिद्दीकी और तहसीन रज़ा मुनव्वर रज़ा मौजूद रहे इस अवसर पर शायर ताबिश नैयर और हाफ़जि आदिल साहब ने नातिया कलाम पड़े समान कार्यक्रम का संचालन हाफ़जि ख़लील ने किया । इस अवसर पर शहर कमेटी अध्यक्ष अलीम खान साहब ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए पूरी शहर कमेटी और नगर के लोगों का धन्यवाद दिया साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन का भी आभार माना ।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जश्ने ईद मिलादुन्नबी



पटेरा। हर साल की तरह इस साल भी पटेरा में हर्षोल्लाह जोश व खुलूस के साथ मनाया गया। मुसलमानों के सबसे बड़े धर्मगुरु प्रॉफिट हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन। स्थानीय ईदगाह मस्जिद में करीब 8 बजे पटेरा एवं पटेरा तहसील आसपास के लोग हजारों की तादाद में एकत्रित हुएबह बहा पर हाजी शमसुद्दीन पहलवान, हाजी डॉक्टर शफी, हाजी सब्बीर मास्टर,हाजी डॉक्टर नईमुद्दीन के द्वारा परचम कुसाई की गई इसके बाद जुलूस को स्थानीय ईदगाह मस्जिद से मोहल्ला रसूलगंज होते हुए बस स्टैंड से जुलूस को निकाला गया और पटेरा में हमेशा से गंगा जमुनी तहजीब चली आ रही है। चाहे कोई भी त्यौहार हो हिंदू मुस्लिम सब एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते है और त्योहार मनाते हैं। हिंदू भाइयों के द्वारा कई जगहों पर जुलूशे मोहम्मदी का स्वागत किया गया और पुलिस प्रशासन की भी मौजूदगी रही। जुलूस में अध्यक्ष मोहसिन खान, साकिर हुसैन, कलीमुद्दीन खान, दानिश खान, मूसा, रियाज मास्टर की सक्रियता रही। पेट्रोल पंप के पास शासन प्रशासन एवं नगर परिषद की बद इंतजामी साफ साफ़ नजर आई गंदा पानी सड़क पर भरा रहने की वजह से जुलूस में शामिल सभी लोगों को गंदे पानी से भीग कर निकलना पड़ा। आजू-बाजू से भारी वाहनों का भी निकालना जारी रहा। कई लोगों के कपड़े गंदे नजर आए। जहां पर परचम कुसाई हुई वहां पर भी गंदगी ही गंदगी नजर आ रही थी। जबकि थाना परिसर में शांति कमेटी मीटिंग में जहां से जुलूस निकालना है वहां पर साफ सफाई करवाने का निर्णय लिया था। इस बद इंतजामी की वजह से समस्त मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी नाराजगी व्यक्त किया।